संoसंo—17/विविध—01—100/2022

**बिहार सरकार**

**स्वास्थ्य विभाग**

प्रेषक,

**रेणु कुमारी,**
विशेष कार्य पदाधिकारी।

सेवा में,

**अधीक्षक,**
नालन्दा चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, पटना।

**पटना, दिनांक :— / /2025**

**विषय :— डॉ0 कुमारी दिव्यमाला, तत्कालीन सीनियर रेजिडेन्ट (टेन्योर), स्त्री रोग एवं प्रसव विभाग के वेतन भुगतान के संबंध में।**

**महाशय,**

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि डॉ0 कुमारी दिव्यमाला, तत्कालीन सीनियर रेजिडेन्ट (टेन्योर), स्त्री रोग एवं प्रसव विभाग के द्वारा दिनाक—09.07.2022 से 22.08 2022 तक स्वास्थ्य विभाग (मुख्यालय) मे पदस्थापन की प्रतीक्षा में बितायी गयी अवधि का वेतन भुगतान करने का अनुरोध किया गया है।

उल्लेखनींय है कि विभागीय आदेश संख्या—19823, दिनांक—15.03.2022 के आलोक मे मातृत्व अवकाश उपभोग करने के उपरान्त डॉ0 कुमारी दिव्यमाला स्वास्थ्य विभाग (मुख्यालय) में दिनाक—08 07.2022 के अपराह्न में योगदान करने के उपरान्त पदस्थापन की प्रतीक्षा मे दिनांक—09.07.2022 से 22.08.2022 तक रही। इस अवधि में डॉ0 दिव्यमाला द्वारा स्वास्थ्य विभाग मे अपनी उपस्थिति दर्ज की गयी है।

अत. उपर्युक्त के आलोक में अनुरोध है कि डॉ0 कुमारी दिव्यमाला द्वारा स्वास्थ्य विभाग (मुख्यालय) में दिनांक—09.07.2022 से 22.08.2022 तक पदस्थापन की प्रतीक्षा अवधि का वेतन भुगतान की कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाय।

प्रस्ताव में सक्षम प्रधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

**अनुo—उपस्थिति पंजी की छायाप्रति संलग्न।**

**विश्वासभाजन,**

ह0/—
**(रेणु कुमारी)**
विशेष कार्य पदाधिकारी।

**संo—17/विविध—01—100/2022— 164(17) /पटना, दिनांक :— 17/02/2025**

प्रतिलिपि— डॉ0 कुमारी दिव्यमाला, तत्कालीन सीनियर रेजिडेन्ट (टेन्योर), स्त्री रोग एवं प्रसव विभाग, नालन्दा चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः— आई0 टी0 मैनेजर/प्रोग्रामर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

विशेष कार्य पदाधिकारी।